तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 16 सितंबर 2025

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 22 से आरंभ होगा शारदीय नवरात्रि



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी ने ली समीक्षा बैठक

# आंगनबाड़ी केन्द्रों के रख-रखाव पर दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

महिला एवं बाल विकास व समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े सोमवार को कोरिया जिले के प्रवास पर रहीं।

इस दौरान उन्होंने कलेक्टर कार्यालय में विभाग की समीक्षा बैठक ली, साथ ही शासकीय बौद्धिक मंदता बालक विशेष आवासीय विद्यालय बैकुंठपुर, शक्ति सदन और विभिन्न आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण भी किया। बैठक में मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को शासन के विकास कार्यों के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी के आसपास सफाई और पोषण वाटिका बनाने, पोषण सब्जियों के उत्पादन, बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। साथ ही सुपरवाइजरों को टीम के साथ निरंतर निरीक्षण करने और आंगनबाड़ी केन्द्रों की साफ-सफाई रखने को कहा। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने मातृ वंदना योजना से लाभान्वित हितग्राहियों की भी समीक्षा की और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनको बिहान के समूहों से जोड़ने का निर्देश दिया।

उन्होंने दोनों विभागों को शासन के योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। इस समीक्षा बैठक में संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास दिलदार सिंह मेरावी, संयुक्त संचालक समाज कल्याण भूपेन्द्र पांडेय, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर डीडी मांडवी, विभाग प्रमुख और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।




बैठक लेती मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े।



निरीक्षण करती मंत्री।



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते संघ के लोग।

## लंबित मांगों को लेकर सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- काली पट्टी लगाकर विरोध किए थे कर्मी

छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ कोरिया के जिलाध्यक्ष जय कुमार कुशवाहा ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों के लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बैकुंठपुर को सौंपा।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि कृषि विभाग में कार्यरत ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर शासन के ध्यानाकर्षण के लिए बीते 8 एवं 9 सितंबर को उक्त अधिकारियों के द्वारा काली पट्टी लगाकर कार्य निष्पादन किया गया, किंतु आज पर्यंत तक हमारी मांगे लंबित हैं, इसके विरोध स्वरूप 15 सितंबर से संघ के सभी सदस्यों के द्वारा बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाईन कार्यो का निष्पादन नहीं किया जाएगा।

ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिलाध्यक्ष जय कुमार कुशवाहा, दिनेश पटेल, टीएस परस्ते, संतोष ओहदार, कलेश्वर सिंह, पुष्पा सिंह सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

## खबर संक्षेप


### स्वास्थ्य जांच एवं श्रमिक पंजीयन शिविर आज

**मनेन्द्रगढ़।** श्रम विभाग द्वारा रजत जयंती महोत्सव 2025-26 के अंतर्गत 16 सितंबर को श्रमवीर स्वास्थ्य जांच, श्रमिक पंजीयन एवं नवीनीकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर नगर पालिका परिषद परिसर न्यू सब्जी मंडी मनेन्द्रगढ़ में सुबह 10 बजे से प्रारंभ होगा। शिविर में श्रमिकों के स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ श्रम पंजीयन, नवीनीकरण तथा विभागीय योजनाओं के लाभ के लिए आवेदन भी लिए जाएंगे। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि श्रम पंजीयन/नवीनीकरण के लिए श्रमिकों को आधार कार्ड स्वयं एवं परिवार के सदस्यों का, बैंक पासबुक, मोबाइल नंबर तथा नियोजक संबंधी स्वघोषणा पत्र शिविर में उपलब्ध की मूल प्रति साथ लानी होगी।

### प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की बैठक

**खड़गवां।** छग प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की प्रांत स्तरीय बैठक 14 सितंबर को रायपुर कलेक्ट्रेट गार्डन में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांत अध्यक्ष राज किशोर तिवारी एवं उप प्रांत अध्यक्ष दिनेश सिंह ने की। बैठक में प्रमुख रूप से 1998 से 2004 के पूर्व नियुक्त सभी शिक्षकों को नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए पेंशन, जीएफ एवं अन्य सुविधाएं दिए जाने की मांग पर बल दिया गया। वक्ताओं ने बताया कि इस विषय को कई बार मंत्री, विधायक एवं मुख्यमंत्री के समक्ष उठाया जा चुका है, लेकिन शासन की ओर से अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। प्रांत अध्यक्ष श्री तिवारी ने कहा कि शासन की उदासीनता शिक्षकों को आर-पार की लड़ाई के लिए बाध्य कर रही है। बैठक में उपस्थित सेवानिवृत्त शिक्षकों ने भी अपनी दयनीय आर्थिक स्थिति से अवगत कराया और पुरानी पेंशन बहाली की आवश्यकता पर जोर दिया।

### जीवित पुत्रिका व्रत आस्था और श्रद्धा के साथ मना



**कोरिया कॉलरी।** नगर निगम चिरमिरी क्षेत्र के कोरिया कॉलरी में रविवार को माताओं ने संतान की दीर्घायु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिए जीवित पुत्रिका व्रत श्रद्धा और आस्था के साथ किया। दिनभर निर्जल रहकर महिलाओं ने कठोर उपवास रखा। शाम को व्रती महिलाएं पोखरी छठ घाट पहुंचीं, जहां कथा श्रवण कर पूजा-अर्चना एवं सभी विधि-विधान पूरे किए। परंपरागत मान्यताओं के अनुसार यह व्रत पुत्र की लंबी आयु, निरोगी काया और सुख-समृद्ध जीवन के लिए विशेष महत्व रखता है। पूजन कार्यक्रम में महिलाओं ने दीप प्रज्वलित कर व्रत कथा सुनी और संतानों के मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर घरों एवं मंदिरों में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सजधज कर कथा में सम्मिलित हुईं। परंपरा के अनुसार यह व्रत सोमवार प्रातः सूर्य उदय के बाद पारण के साथ पूर्ण हुआ। जीवित पुत्रिका व्रत मातृत्व की गहन भावना, संतान के प्रति त्याग और प्रेम का प्रतीक है, जो आज भी परंपरा और संस्कृति की धरोहर के रूप में जीवित है।

## मंत्री का नशामुक्ति केन्द्र में औचक निरीक्षण

**मनेन्द्रगढ़।** महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने सोमवार को खोंगापानी स्थित नशामुक्ति केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने केन्द्र में रह रहे लाभार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और उनकी प्रगति की जानकारी प्राप्त की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने उपस्थित लोगों को नशे से दूर रहकर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है, इसलिए इससे दूरी बनाना ही जीवन में सफलता की कुंजी है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने केन्द्र प्रबंधन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पुनर्वास कार्यक्रम को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि नशा छोड़ चुके लाभार्थियों के लिए आजीविका के साधन और कौशल विकास की योजनाओं से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जाए, ताकि वे आत्मनिर्भर होकर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें।



## आईटी संयोजक ने नए भवन निर्माण की मांग रखी

**बैकुंठपुर।** भारतीय जनता पार्टी बैकुंठपुर मंडल के आईटी संयोजक हरिओम साहू ने महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े से भेंट की। इस दौरान उन्होंने नगर के वार्ड क्रमांक 1 हर्रापारा एवं वार्ड क्रमांक 2 भट्टीपारा स्थित आंगनबाड़ी भवनों की जर्जर स्थिति से अवगत कराया। श्री साहू ने बताया कि दोनों वार्डों में आंगनबाड़ी भवन पूरी तरह से जर्जर होकर उपयोग योग्य नहीं रह गए हैं। यही कारण है कि विभाग द्वारा इन आंगनबाड़ियों का संचालन किराए के मकानों में कराया जा रहा है। भट्टीपारा वार्ड क्रमांक 2 में यह स्थिति पिछले तीन वर्षों से बनी हुई है, जबकि हर्रापारा में इसी माह से आंगनबाड़ी को किराए के मकान में शिफ्ट किया गया है। इस समस्या को गंभीर मानते हुए श्री साहू ने मंत्री को आवेदन प्रस्तुत कर शीघ्र ही दोनों वार्डों में नए आंगनबाड़ी भवन निर्माण की मांग रखी। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विषय को संज्ञान में लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।





## नाली में लगा दिया बिजली का खंभा

**बैकुंठपुर।** शहर में इन दिनों खुले बिजली के तारो की जगह इंसुलेटेड केबल वायर लगाने का कार्य विभिन्न क्षेत्रों में लगाया जा रहा है, इसके लिए कई जगह बिजली के नए खंभे भी गाड़ने पड़ रहे हैं।


इसी व्यवस्था को बनाने के लिए महलपारा में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सामने पानी निकासी के नाली के बीच में बिजली का खंभा गाड़ कर केबल वायर लगाया गया। नाली में बिजली का खंभा गाड़ देने से नाली से पानी निकासी में व्यवधान उत्पन्न हो गया और उक्त जगह पर नाली का पानी अधिक बारिश होने पर सड़क पर बाहर निकल रहा है।

## नर्सिंग कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग बैकुंठपुर के बीएससी नर्सिंग द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं ने संस्था प्रबंधन के निर्देश एवं मार्गदर्शन में शिक्षिका सुश्री सुधालता यादव, नर्सिंग ट्यूटर एवं श्रीमती लक्ष्मी साहू, नर्सिंग ट्यूटर के साथ 15 सितंबर को वृद्धा आश्रम का शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्र-छात्राओं ने आश्रम केन्द्रों में जा कर अध्ययन से संबंधित कार्य किया, इसके अंतर्गत वृद्धा आश्रम जाकर वृद्धजन से मुलाकात की एवं वृद्धा अवस्था में होने वाली कठिनाईयों के बारे जाना तथा वृद्धा अवस्था में सफाई से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा दी गई। वृद्धजन को विभिन्न तरह के स्वास्थ्य से संबंधित शिक्षाएं प्रदान किए साथ ही वृद्धजन के स्वास्थ्य संबंधित जांच जैसे- रक्तचाप, वजन, और बुखार इत्यादि की जांच किया गया एवं फल प्रदान किए। तत्पश्चात न्यू लाईफ के छात्र-छात्राओं के द्वारा सभी वृद्धजन को भेंट स्वरूप कंबल प्रदान किया गया। तथा वृद्धजन से आशीर्वाद प्राप्त किया। अंतिम में छात्र-छात्राओं के द्वारा वृद्धा आश्रम के प्रबंधन को धन्यवाद प्रदान गया है।

## कृषि अधिकारियों की एकजुटता ज्ञापन सौंपकर सरकार को चेताया



**मनेन्द्रगढ़।** छग कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ के बैनर तले अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ एवं तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ को मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया।

अधिकारियों ने कहा कि यदि लंबित मांगों पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन होगा और भी तेज। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों का वेतनमान संशोधन 4300 ग्रेड पे, कार्यक्षेत्र का पुर्ननिर्धारण, मासिक यात्रा भत्ता 2500 रूपए, मोबाइल, इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी के लिए संसाधन भत्ता, अतिरिक्त भार ⏭ शेष पेज 4 पर

## गेज बांध में मिला शव इलाके में फैली सनसनी

**चरचा कॉलरी।** थाना चरचा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खरवत स्थित गेज बांध के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी। थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पाण्डेय के निर्देशन पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कर मर्ग कायम किया। शव की पहचान के लिए पुलिस ने तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर साझा की।



मृतक।

तस्वीर वायरल होने के बाद मृतक की पहचान जमगहना जूनापारा निवासी राजेन्द्र सिंह उम्र 25 वर्ष पिता शिवलाल के रूप में हुई। परिजन के अनुसार मृतक का स्वभाव अप्रत्याशित था और वह अक्सर घर से बाहर रहता था। मृतक शराब का आदि भी था, जिससे परिजन पारिवारिक विवाद की संभावना जता रहे हैं। पुलिस ने बताया कि शव पर किसी भी प्रकार के चोट के निशान नहीं पाए गए हैं, जिससे प्रारंभिक तौर पर हत्या की आशंका कम लग रही है। शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट होगा। थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। ग्रामीणों से पूछताछ कर मृतक के हालात और हाल के दिनों की गतिविधियों की जानकारी ली जा रही है।

### स्वास्थ्य केन्द्र का हस्तांतरण अटका

**अनूपपुर।** मेडियारास प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मेडियारास का निर्माण 295.45 लाख रूपए की लागत से लोक निर्माण विभाग (भवन) अनूपपुर द्वारा किया गया था। तय समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य 31 जुलाई को पूर्ण भी कर लिया गया, लेकिन आज तक यह भवन स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित नहीं किया गया है। निर्माण एजेंसी ने अपना स्टाफ भी हटा लिया है, जिससे भवन खाली पड़ा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हस्तांतरण में देरी से भवन को क्षति या चोरी का खतरा बना हुआ है। स्वास्थ्य विभाग का तर्क है कि उनके पास पर्याप्त डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ की कमी है, इसलिए वे भवन लेने में आनाकानी कर रहे हैं। आम जनता का कहना है कि जब स्टाफ ही उपलब्ध नहीं है तो करोड़ों रूपए का भवन बनाने का कोई अर्थ नहीं निकलता। जनता का यह भी कहना है कि शासन द्वारा समय पर भवन तो बना दिया गया, लेकिन आज भी क्षेत्र के लोग स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हैं।

## पहली बार उद्योग मंत्री देवांगन पहुंचे मनेन्द्रगढ़

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- चैंबर की मांग पर की कई घोषणाएं

छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज जिला एमसीबी ने अपने जिले के व्यापारियों को छग की औद्योगिक नीति की जानकारी देने और एमसीबी जिले में उद्योगों की संभावना पर 14 सितंबर रविवार को विमल सिनेप्लेक्स में एमएसएमई समिट 2025 का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि के रूप में छग शासन के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन और विशिष्ट अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। चेंबर प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन, प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार और जिला अध्यक्ष मनीष अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के सैकड़ों व्यापारियों ने सबमिट में शामिल होकर अतिथियों का सम्मान किया। स्वागत भाषण जिला महामंत्री विनय अग्रवाल ने दिया। उपस्थित व्यापारियों को रायपुर से आए सीएसआईडीसी के अधिशासी निदेशक आलोक त्रिवेदी, एसईसीएल के केपी सिंह, सेंट्रल बैंक के रिजिनल मैनेजर रणधीर सिंह, पंजाब नेशनल बैंक के रिजिनल मैनेजर आलोक कुमार, भारत पेट्रोलियम के विनय कुमार ने एमसीबी जिले में उद्योगों की संभावना और औद्योगिक नीति से जिले को फायदे और सब्सिडी की जानकारी दी। सीए अरिहंत जैन ने उपस्थितों को मंत्र मुक्त करते हुए जिले के परिपेक्ष में औद्योगिक नीति के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जिसको उपस्थित व्यापारियों और मंचस्थ अतिथियों ने काफी सराहा। जिलाध्यक्ष मनीष अग्रवाल ने वर्तमान औद्योगिक नीति को जिले के लिए फायदेमंद बताते हुए अपना वक्तव्य दिया। प्रदेश मंत्री संजीव ताम्रकार ने उपस्थित व्यापारी समूह को चेंबर की गतिविधियों से अवगत कराते हुए ज्यादा से ज्यादा उद्योग लगाने की बात कही।

प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज जैन ने चेंबर सदस्य और संरक्षक के रूप में दोनों मंत्री का स्वागत करते हुए एमसीबी जिले के लिए कई मांग रखी। मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी के मध्य एक और इंडस्ट्रियल एरिया की घोषणा की जाए, चैनपुर इंडस्ट्रियल एरिया में स्ट्रीट लाइट ड्रेनेज सीवरेज ड्रिंकिंग वॉटर आदि की व्यवस्था की जाए, वन उपज आधारित केल्हारी क्षेत्र में ⏭ शेष पेज 4 पर




### दिनभर लगी रही सावन की झड़ी, ज्यादा बारिश से फसल को नुकसान का अंदेशा

# मूसलाधार बारिश से जगह-जगह जलभराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में सोमवार की सुबह से ही बारिश शुरू हुई तो घंटों झमाझम बरसता रहा। आश्विन माह में ऐसी बारिश हुई मानों सावन माह की झड़ी लग गई हो।

जानकारी के अनुसार 15 सितंबर की सुबह करीब 6 बजे से शहर व आस-पास तथा जिले के कई क्षेत्रों में झमाझम बारिश शुरू हुई और करीब चार घंटे तक बिना गरज के बादल बरसते रहे। चार घंटे की बारिश से पूरा शहर तर-बतर हो गया। सड़क किनारे नालियों से उपर पानी का बहाव होते हुए सड़क पर कई जगहों पर भर गया, इसके चलते लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। इस दिन सुबह 6 बजे से शुरू हुई बारिश की गति 10 बजे के बाद से धीमी पड़ गई, इसके बाद लोगों की आवाजाही सड़कों पर होने लगी। इस तरह आश्विन माह में सावन की झड़ी सुबह से लगी रही और सभी क्षेत्रों को पानी-पानी कर दिया।




हो रही बारिश सड़क पर भरा पानी।

### घरों एवं दुकानों में घुसा बारिश का पानी

सोमवार की सुबह से शुरू घंटों की बारिश के कारण पूरा शहर पानी-पानी हो गया था। बारिश के दौरान शहर क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार बारिश के दौरान शहर क्षेत्र के कई मोहल्लों में कुछ लोगों के घरों में बारिश का पानी घुसता रहा, इसके कारण परिवार के लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसी तरह शहर के पुराने बस स्टैंड के पास स्थित एक बडे मोबाइल दुकान में भी बारिश का पानी घुस गया था, जिसे मोटर पंप लगाकर दुकान से बाहर निकाला गया।

जानकारी के अनुसार शहर से लगे जामपारा के गेज नदी उस पार ⏭ शेष पेज 4 पर

## सेवानिवृत्त एचएच और व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी हो

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन ने शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी को प्राचार्य पदोन्नति के लिए पात्र रहे सेवानिवृत्त प्रधान पाठकों तथा व्याख्याताओं को काल्पनिक पदोन्नति देने ई-मेल किया है।

प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं उप प्रांताध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने बताया कि छग राजपत्र 5 मार्च द्वारा एजुकेशन एवं ट्राइबल के शिक्षक संवर्गों के लिए समेकित भर्ती-पदोन्नति नियम बनाया गया था। प्राचार्य पद पर पदोन्नति के लिए मार्च-अप्रैल में छग लोक सेवा आयोग में पात्र व्याख्याताओं एवं प्रधान पाठकों के पदोन्नति के लिए विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक डीपीसी हुआ था, लेकिन विभागीय प्रक्रिया में व्यवधान के फलस्वरूप 30 अप्रैल 25 को टी-संवर्ग में 1335 तथा ई-संवर्ग में 1478 प्राचार्य पदोन्नति आदेश जारी हुआ था, लेकिन टी-संवर्ग अंतर्गत जारी पदस्थापना आदेश 29 अगस्त को जारी हुआ था। इसमें 30 अप्रैल से 31 जुलाई तक टी-संवर्ग के सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधान पाठकों के नाम पदस्थापना आदेश से हटा दिया गया था।

जबकि विभाग के द्वारा टी संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति के लिए पात्र रहे सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर काल्पनिक पदोन्नति कार्य नहीं वेतन नहीं के सिद्धांत के आधार पर काल्पनिक पदोन्नति आदेश जारी करना था, जोकि ई-संवर्ग में प्राचार्य पदोन्नति आदेश तिथि एवं पदस्थापना आदेश तिथि तक में भी लागू होगा।

## खबर संक्षेप

### स्कूल घट रहे, शराब दुकानें बढ़ रहे- गुलाब



**मनेन्द्रगढ़।** प्रदेश के उद्योग एवं आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा जिले में प्रीमियम शराब दुकान खोले जाने की घोषणा को लेकर राजनीति गरमा गई है। इस बयान पर पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने तीखी प्रतिक्रिया दी है और भाजपा सरकार पर प्रदेश के भविष्य से खिलवाड़ करने का गंभीर आरोप लगाया है। पूर्व विधायक श्री कमरो ने कहा कि प्रदेश में जहां शिक्षा और उद्योगों पर ध्यान देने की जरूरत है, वहीं सरकार नशे को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि उद्योग मंत्री उद्योग लगाने की बजाय प्रीमियम शराब दुकानों की बात कर रहे हैं। यह प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। आबकारी मंत्री होकर भी अवैध और मिलावटी, शराब पर प्रतिबंध नहीं लग पा रहे, पूरे प्रदेश में अवैध और मिलावटी शराब बिक रही है, जिससे सरकार को राजस्व की हानि हो रही है साथ ही युवा वर्ग के स्वास्थ्य और भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। पूर्व विधायक ने याद दिलाया कि कांग्रेस शासनकाल में जब वे विधायक थे, तब भाजपा कार्यकर्ता उनके कार्यालय के सामने पव्वा लेकर धरना देते थे, लेकिन आज जब प्रीमियम शराब दुकानें खोली जा रही हैं तो वहीं लोग चुप्पी साधे बैठे हैं।

### चोरी के 2 सबमर्सिबल पम्प सहित 1 आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापपुर।** दो सबमर्सिबल पंप चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से चोरी की गई दो पंप बरामद किया है। ग्राम पम्पापुर निवासी दिनेश कुमार ने चौकी खड़गवां में रिपोर्ट दर्ज कराया कि अपने बाड़ी में समरसिबल पम्प लगवाया था जिसे चोरों ने पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने संदेही ग्राम केरता निवासी लक्ष्मी उर्फ नटवा गिरी आ. परमेश्वर (27 वर्ष) को पकड़ा। पूछताछ में उसने समरसिबल पम्प चोरी करने की बात कबूल की। साथ ही ग्राम पम्पापुर से एक और समरसिबल पम्प चोरी को अपने 2 अन्य साथियों के साथ चोरी करने की बात बताई। पुलिस ने आरोपी के निशानदेही पर चोरी के 2 नग सबमर्सिबल पम्प बरामद किया वहीं 2 अन्य आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर हुई कार्यशाला

**राजपुर।** भारतीय जनता पार्टी मंडल बरियों में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रमों को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नियुक्त प्रभारी गौरी शंकर अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष कमला राम, शुभम सोनी के साथ ही बरियो मंडल अध्यक्ष जितेंद्र जायसवाल ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा में सभी अपने नगर को स्वच्छ रखें इसके साथ ही चौक चौराहा की साफ सफाई रखना है। इसके अलावा रक्तदान शिविर करने की बात कही गई है। कार्यशाला में महामंत्री सुनील जायसवाल, बसंती राजवाड़े, सुरेश नागेश राजवाड़े, वीरेंद्र रमाकांत पांडे, विनोद, अमरनाथ गुप्ता, बादा सरपंच धरमराम आदि शामिल रहे।

## दुर्गा पंडालों में जोर-शोर से तैयारियां शुरू

# 22 से आरंभ होगा शारदीय नवरात्रि

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

22 सितंबर से शारदीय नवरात्रि का शुभारंभ होगा। पर्व को लेकर नगर की दुर्गा पूजा समितियों ने तैयारियां तेज कर दी हैं। विभिन्न पूजा पंडालों में आकर्षक मंच, विद्युत सज्जा एवं भव्य प्रतिमाओं की स्थापना की तैयारी चल रही है। देवी मंदिरों में भी विशेष साज-सज्जा का कार्य प्रारंभ हो चुका है। भक्तों की सुविधा के लिए समितियों द्वारा सुरक्षा, पेयजल, भंडारा और पार्किंग व्यवस्था की योजनाएं बनाई जा रही हैं। इस वर्ष नवरात्रि 10 दिनों की होगी तथा दशहरा पर्व 2 अक्टूबर को मनाया जाएगा।

नगर के प्रमुख स्थल जैन मंदिर चौक, फुहारा चौक, विवेकानंद चौक, पुराना नगर पालिका तिराहा, श्रीराम मंदिर मैदान, भगत सिंह तिराहा, काली मंदिर रोड, सिविल लाइन, सुरभि पार्क, रेल्वे फाटक के पास, मौहारपारा, आमाखेरवा, रेल्वे इंस्टिट्यूट, खेड़िया टाकीज तिराहा, बदन सिंह मोहल्ला, खोंगापानी, झगराखाण्ड, बी सीम, रामनगर सहित कई स्थानों पर आकर्षक दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी।

### प्रशासन की तैयारियां

नवरात्रि और दशहरा पर्व को देखते हुए स्थानीय प्रशासन व पुलिस विभाग ने भी विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती होगी, वहीं यातायात व्यवस्था को दुरूस्त रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की टीम लगाई जाएगी। नगर पालिका द्वारा पंडालों के आसपास सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। भक्तजन पूरे उत्साह के साथ पर्व की तैयारी में जुटे हुए हैं और नगर का वातावरण धार्मिक उल्लास से सराबोर हो गया है।



तैयार हो रहा पंडाल।

### शारदीय नवरात्रि की प्रमुख तिथियां

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 22 | सितंबर | सोमवार | प्रतिपदा | घटस्थापना, शैलपुत्री पूजा |
| 23 | सितंबर | मंगलवार | द्वितीया | ब्रह्मचारिणी पूजा |
| 24 | सितंबर | बुधवार | तृतीया | चंद्रघंटा पूजा |
| 25 | सितंबर | गुरूवार | चतुर्थी | कुष्माण्डा पूजा |
| 26 | सितंबर | शुक्रवार | पंचमी | स्कंदमाता पूजा |
| 27 | सितंबर | शनिवार | षष्ठी | कात्यायनी पूजा |
| 28 | सितंबर | रविवार | सप्तमी | कालरात्रि पूजा |
| 29 | सितंबर | सोमवार | अष्टमी | महागौरी पूजा |
| 30 | सितंबर | मंगलवार | नवमी | सिद्धिदात्री पूजा, कन्या पूजन |
| 1 | अक्टूबर | बुधवार | दशमी | दुर्गा विसर्जन |
| 2 | अक्टूबर | गुरूवार | विजयादशमी | रावण दहन, दशहरा पर्व |

### रामलीला और रावण दहन

इस मौके पर नागपुर में पारंपरिक रामलीला मंचन भी प्रतिदिन संध्या समय होगा। इसमें भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का मंचन किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर को विजयादशमी के अवसर पर भव्य रावण दहन कार्यक्रम आयोजित होगा। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुजन शामिल होंगे।

### नवरात्रि का महत्व

हिंदू धर्म में नवरात्रि का विशेष महत्व है। यह पर्व शक्ति की उपासना का प्रतीक है। इसमें मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की आराधना की जाती है। मान्यता है कि नवरात्रि में उपवास, पूजा और साधना से मन, शरीर और आत्मा पवित्र होते हैं। साथ ही यह पर्व सत्य की असत्य पर तथा धर्म की अधर्म पर विजय का संदेश देता है।



# रामानुज महाविद्यालय में हिंदी दिवस का आयोजन

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय रामानुज प्रताप सिंदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में प्रतिवर्ष की भॉंति इस वर्ष भी हिंदी दिवस का आयोजन 15 सितंबर को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. बृजेश कुमार पाण्डेय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भूपेन्द्र सिंह तथा मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संदीप सिंह उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में डॉ. पाण्डेय ने हिंदी की वैश्विक रूपरेखा स्पष्ट करते हुए सामाजिक जीवन में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग एवं व्यावहारिकता पर बल दिया। भूपेन्द्र सिंह ने हिंदी के ऐतिहासिक एवं संवैधानिक स्वरूप पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं डॉ. संदीप सिंह ने हिंदी की भौगोलिक संरचना एवं उच्चारण पर अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. रामयश पाल ने हिंदी के राजभाषा स्वरूप के विभिन्न पक्षों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी मात्र राजभाषा नहीं, बल्कि संचार की भी प्रमुख भाषा है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में बीए तृतीय सेमेस्टर की कुमारी आशा राजवाड़े ने प्रथम स्थान, कुमारी कमला बीए तृतीय सेमेस्टर ने द्वितीय स्थान तथा कुमारी जिज्ञासा पटेल बीए प्रथम सेमेस्टर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अतिथि व्याख्याता योगेश्वर साय, कुमारी आंशी पाटले सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. रामयश पाल ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. कुलदीप ओझा ने किया।

# मनरेगा कार्यों को प्रभावी और पारदर्शी बनाने प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

महात्मा गांधी नरेगा योजना ग्रामीण विकास का एक बेहद सशक्त माध्यम है। इस योजना को युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से और ज्यादा प्रभावी तरीके से पारदर्शिता के साथ क्रियान्वित करने के लिए तकनीकी टीम का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती चंदन त्रिपाठी के मार्गदर्शन में युक्तधारा पोर्टल पर प्रभावी प्रशिक्षण सत्र का आयोजन जिला पंचायत कोरिया के सभा कक्ष में किया गया।

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनांतर्गत युक्तधारा पोर्टल पर कैसे कार्य करना है, इसकी विस्तृत जानकारी 15 सितंबर को जिले के ग्रामीण विकास विभाग से जुड़े सभी तकनीकी अधिकारियों को प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि 15 सितंबर को जिला पंचायत कोरिया के मंथन कक्ष में विषय विशेषज्ञों ने युक्तधारा पोर्टल पर किस तरह से तकनीकी टीम को कार्य करना है,उसका विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया। इस पोर्टल पर डेटा की प्रविष्टि कैसे करें, डैशबोर्ड, उसके साथ कार्ययोजना तैयार करना, कार्यों की लिस्टिंग करना, उसके क्रियान्वयन की निगरानी करना और प्रोजेक्ट मानिटरिंग के साथ उसके डिजिटल प्रबंधन की जानकारी प्रदान की गई। इस एक दिवसीय युक्तधारा पोर्टल पर व्यवहारिक प्रशिक्षण के दौरान जिले के कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, दोनों जनपद पंचायतों के एसडीओ आरईएस, सहायक परियोजना अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, प्रोग्रामर तथा सभी उप अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा और तकनीकी सहायक शामिल हुए। सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि युक्तधारा पोर्टल मनरेगा योजना के बेहतर और पारदर्शी क्रियान्वयन में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। डिजिटल प्लेटफार्म के उपयोग से आने वाले समय में कार्यों के निस्तारण में समय की बचत के साथ गुणवत्ता भी सुनिश्चित हो सकेगी।



### क्या है युक्त धारा पोर्टल

युक्तधारा पोर्टल ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और बेहतर निगरानी के लिए एक डिजिटल मंच है। इस माध्यम का उपयोग अब ग्राम पंचायत स्तर पर कार्ययोजना तैयार करने, कार्यों को सूचीबद्ध करने, स्वीकृत कार्यों की निगरानी करने के साथ पारदर्शिता से क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने का प्रभावकारी माध्यम होगा। इसके माध्यम से उपलब्ध संसाधनों के अधिकतम उचित उपयोग की दिशा तय हो सकेगी।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का प्रचार रथ रवाना

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए बैकुण्ठपुर से विशेष प्रचार रथ को हरीझंडी दिखाकर विधायक भईयालाल राजवाड़े द्वारा रवाना किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार तथा अधीक्षण यंत्री राजेश लकड़ा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री राजपति मिश्रा, जेई केशव चंद्रा, वेंडर फहद मुख्तार, गुले अंसारी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। विशेष प्रचार रथ के माध्यम से आने वाले दिनों में बैकुंठपुर शहर के प्रत्येक मोहल्ले और वार्ड तक योजना की जानकारी पहुंचाई जाएगी। इस रथ की खासियत यह है कि यह न केवल योजना की जानकारी देगा बल्कि मौके पर ही नागरिकों का पंजीयन भी करेगा, जिससे लोगों को प्रक्रिया संबंधी किसी भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री श्री लकड़ा ने बताया कि सोलर पैनल लगाने की प्रक्रिया को अब और अधिक सरल व त्वरित बनाया गया है, जिससे लोग योजना को लेकर उत्साहित हैं। यह रथ एक सप्ताह तक लगातार शहर में भ्रमण कर लोगों को सौर ऊर्जा के महत्व, उसके पर्यावरण व आर्थिक लाभों के बारे में जागरूक करेगा।



### शासकीय दुकान से 50 बोरी चावल हुआ चोरी, अपराध दर्ज

**बिश्रामपुर।** ग्राम अनुजनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 50 बोरी चावल को चोरी कर साथ ले गए हैं,लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम अनुजनगर में संचालित शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन महामाया महिला स्व सहायता समूह द्वारा किया जाता है,यहाँ से शनिवार मध्य रात्रि को अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर दुकान में रखे 50 बोरी चावल को चोरी कर लिया है। चोरी किये गए चावल की कीमत 25 हजार रुपए आंकी गई है,मामले में पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

# सेजस चिरमिरी में हिंदी दिवस मना




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय चिरमिरी में हिंदी दिवस के अवसर पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसका विषय था इस सदन की राय में शिक्षा का माध्यम हिंदी या अंग्रेजी इस विषय पर कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इसमें प्रतिभागी के रूप में विद्यार्थीगण शहला निगार, आलिया अंसारी, इंशा फातिमा, शिक्षक श्रीमती नेहा जैन, श्रीमती मधु मिश्रा, अर्पणा किंडो, अजय यादव और समाज की तरफ से पूर्व महापौर के.डमरू रेड्डी, पूर्व पार्षद शिवांश जैन एवं रीत जैन ने सहभागिता दिया। सभी ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में अपने पक्ष को तार्किक, आकर्षक और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में सुनील त्रिपाठी, एमएच अंसारी, अमर सिंह, एके मिश्रा एवं टीबी सिंह ने सहयोग दिया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रीमती नेहा जैन व्याख्याता सेजेस पोड़ी, द्वितीय स्थान रीत जैन मंडल महामंत्री भाजपा एवं तृतीय स्थान श्रीमती मधु मिश्रा व्याख्याता सेजेस चिरमिरी रही।

समस्त कार्यक्रम मुख्य अतिथि महापौर नगर पालिक निगम चिरमिरी राम नरेश राय के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में सभापति नगर पालिक निगम चिरमिरी संतोष सिंह, नेता प्रतिपक्ष नगर पालिक निगम चिरमिरी श्रीमती गायत्री बिरहा, पार्षद मनीष खटिक, सन्नी चौहथा, संजीत सिंह, राहुल भाई पटेल, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता, व्हीएम भट्ट एमआईसी प्रशासक , अभय जायसवाल एवं पत्रकार अविनाश की गरिमामयी उपस्थिति रहा। इस इस अवसर पर विद्यालय परिवार के द्वारा डीईओ श्री गुप्ता कोरिया एवं एके मिश्रा सेवानिवृत शिक्षक सेजस कटगोड़ी का विशेष सम्मान किया गया। प्रतिभागियों को पुरस्कार टीबी सिंह सेवानिवृत शिक्षक के सौजन्य से दिया गया। समस्त कार्यक्रम का संचालन एवं निर्देशन संस्था के प्राचार्य डॉ.डीके उपाध्याय ने किया।

# पनिका समाज की अनुशासन समिति की बैठक

**बैकुण्ठपुर।** भारतीय पनिका समाज की अनुशासन समिति की आवश्यक बैठक 14 सितंबर को सामाजिक भवन खोड़री में आयोजित हुई। दोपहर 1 बजे से संपन्न इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजाराम जाता ने की, वहीं कार्यक्रम में विशेष रूप से संभागीय अध्यक्ष रामधन देवांगन मौजूद रहे। बैठक में अनुशासन समिति के सदस्यों ने समाज में एकता और अखंडता बनाए रखने पर बल दिया। निर्णय लिया गया कि प्रत्येक ग्राम इकाइयों को सक्रिय और मजबूत किया जाएगा, ताकि समाज के सभी सदस्यों को संगठन से जोड़ा जा सके। सामाजिक नियमों और परंपराओं का पालन सुनिश्चित किया जाएगा तथा किसी भी प्रकार की अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए अनुशासन समिति लगातार निगरानी रखेगी। जिला अध्यक्ष राजाराम जाता ने अपने विचार रखते हुए कहा कि समाज के लोग एक सम्मान, एक संगठन की तर्ज पर मिलकर कार्य करें। उन्होंने सामाजिक नियमावली तैयार करने की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। बैठक में रामधन देवांगन, राजाराम जाता, हुकुमचंद भिनगा, पूर्व जिलाध्यक्ष सतनारायण गोयन, सुकुल राम मरई, बाबूलाल गोयन, मायाराम, रमेश पंडवार, दीपक कुमार, रामलाल टांडे, दिनेश धवरिया, शिवचरण लाल चिकनजूरी, उमाशंकर सोनवानी, मंगलेश्वर देवांगन, संजय चिकनजूरी, संजू पंडवार, लाल दास महंत, उजित प्रसाद पंडवार, वंश जीवन, विजय कोरमा, विनोद कुमार गोयन, सुभाष चंद्र पंडवार, प्रवीण कुमार पंडवार, मनोहर, बृजेन्द्र लाल सोनवानी, संतोष कुमार गोयन, विनोद कुमार गायगवाल, चंद्रिका प्रसाद गायगवाल, किरण कुमार दास, दलवीर प्रसाद सहित समाज के काफी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

■ सामाजिक एकता और अखंडता बनाए रखने पर जोर



## पृष्ठ 1 का शेष

### कृषि अधिकारियों की...

पर अतिरिक्त सेवा भत्ता, पदनाम परिवर्तन कृषि विस्तार अधिकारी लंबित पदोन्नतियां तत्काल पारित, गैर-विभागीय कार्यों से मुक्ति। प्रांतीय कार्यालयीन सचिव दीपक कुमार साहू ने इस अवसर पर कहा यह सिर्फ कृषि अधिकारियों की नहीं बल्कि किसानों की भी आवाज है। जब तक कृषि अधिकारी को संसाधन और सम्मान नहीं मिलेगा, तब तक किसानों तक योजनाओं और तकनीकी मार्गदर्शन का सही लाभ नहीं पहुंच पाएगा। यदि सरकार ने शीघ्र समाधान नहीं किया तो यह आंदोलन जिला स्तर से प्रदेश स्तर पर व्यापक रूप लेगा। उन्होंने कहा कि आंदोलन चरणबद्ध तरीके से जारी है और जब तक न्याय पूर्ण मांगों पर सरकार निर्णय नहीं लेती, तब तक यह संघर्ष रूकेगा नहीं। ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मनेन्द्रगढ़ एवं तहसीलदार मनेन्द्रगढ़ को सौंपे गए ज्ञापन में कृषि अधिकारियों ने साफ शब्दों में उल्लेख किया है कि यह आंदोलन किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए किया जा रहा है। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आशीष नामदेव, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, विकास चौरसिया, अंशुल जायसवाल, संजय अमलेश, राजकुमार सेंद्राम एवं काफी संख्या में विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के कृषि स्नातक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

### पहली बार उद्योग...

इंडस्ट्रियल एरिया बनाई जाए, जिले के कलेक्टर बिल्डिंग के पास ही व्यापार उद्योग भवन का निर्माण हो, जिला मुख्यालय के नजदीक उदल कछार स्टेशन को रैक पॉइंट बनाते हुए उसके आसपास ही लॉजिस्टिक पार्क की स्थापना की जाए। उपरोक्त मांगों का स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल ने भी समर्थन करते हुए मांग की। इस पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने अपनी सहमति जताते हुए केल्हारी में इंडस्ट्रियल एरिया और चैनपुर इंडस्ट्रियल एरिया में इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित घोषणाएं की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि मनेनद्रगढ़ चिरमिरी के मध्य जमीन फाइनल कर प्रस्ताव भेजें। इस पर उपस्थित चैंबर पदाधिकारी और व्यापारियों ने करतल ध्वनि से मंत्री का धन्यवाद किया। क्षेत्र में पहली बार दो-दो मंत्रियों के साथ किसी व्यापारिक संगठन का कार्यक्रम आयोजित हुआ था। चिरमिरी महापौर ग्राम नरेश राय, महाप्रबंधक हसदेव एरिया उमेश शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती चंपा देवी पावले, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल केसरवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव, सेंट्रल बैंक पीएनबी के ब्रांच मैनेजर सहित काफी संख्या में चिरमिरी, खड़गवां बैकुंठपुर, मनेन्द्रगढ़, खोंगापानी, झगराखाण्ड से व्यापारी शामिल हुए। अंत में चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष गणेश सोनी ने आए हुए अतिथियों और व्यापारियों का आभार ज्ञापित किया।

### मूसलाधार बारिश से...

कंचनपुर में सोमवार की सुबह की बारिश नहीं थी। नदी पार करने के बाद जामपारा से शहर क्षेत्र के अलावा कई अन्य क्षेत्रों में सोमवार को जमकर बारिश हुई, इसके एक दिन पूर्व कोरिया जिले के कुडेली क्षेत्र में जमकर झमाझम बारिश हुई थी।

**फूट रही धान बालियों को नुकसान-** किसानों की माने तो इस समय अधिक व मोटे बारिश की जरूरत नहीं है। कई किसानों ने कहा कि इस समय धान की फसलों में बालियां फूट रही है।







